# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दमोह (म.प्र.)

E-mail-dcourtdam-mp@nic.in *Contact no. 07812-222733 Fax-227733*

—:: निविदा ::—

क्रमांक— ...2.../18 दमोह, दिनांक ...... अप्रैल, 2018

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के ज्ञापन क्रमांक सी/3840/दो—12—8/77 (सात) जबलपुर दिनांक 14.09.2017 के द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालयों के विनिष्टीकृत अभिलेखों की रद्दी विक्रय करने के लिए दिये गये निर्देशों के अंतर्गत इस कार्यालय के विनिष्टीकृत अभिलेखों की रद्दी टुकड़े कराकर विक्रय करने के लिए ई—निविदायें अंतिम तिथि दिनांक 09.05.2018 समय शाम 05:30 बजे तक निर्धारित शर्तो के अधीन संलग्न निविदा फार्म पर **सीलबंद लिफाफे** में रजिस्टर्ड डाक/हमदस्त (**पता**—कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह म.प्र. पिनकोड 470661) के माध्यम से आमंत्रित हैं—

1— विनिष्टीकृत अभिलेखों की रद्दी के टुकड़े करके विक्रय हेतु ई—निविदा संलग्न निविदा प्रारूप पर पूर्ति कर **सीलबंद लिफाफे** में रजिस्टर्ड डाक/हमदस्त (**पता**—जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह म. प्र. पिनकोड 470661) के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

2— वर्तमान में रद्दी की मात्रा लगभग 50 क्विंटल है। निविदाकर्ता द्वारा जिला न्यायालय परिसर दमोह में उपस्थित होकर रद्दी का अवलोकन किसी भी कार्यदिवस के कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।

3— निविदा प्रस्तुत करने हेतु जिला न्यायालय परिसर दमोह के नजारत अनुभाग में रूपये 10,000/— (रूपये दस हजार मात्र) अर्नेस्ट मनी जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह के नाम से नगद (नजारत अनुभाग दमोह में) अथवा बैंक ड्राफ्ट से जमा करानी होगी जो दिनांक 10.05.2018 को 3 प्राथमिकता वाले चयनित निविदाओं को छोड़कर शेष निविदाकारों की अर्नेस्ट मनी दिनांक 10.05.2018 को ही सायंकाल 05:30 बजे तक वापिस कर दी जावेगी।

4— दिनांक 10.05.2018 को प्रातः 10:30 बजे विभागीय क्रय समिति दमोह के समक्ष समस्त निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधि को आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा, ताकि सभी निविदायें खोली जाकर अंतिम रूप से उचित दर वाली सक्षम निविदाकार की निविदा स्वीकार करने की अनुशंसा माननीय प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश महोदय दमोह की ओर अनुमोदन हेतु भेजी जावेगी।

5— विभागीय क्रय समिति द्वारा ई—निविदा की प्रथम, द्वितीय, तृतीय वरीयता प्राप्त निविदाओं की अनुशंसा माननीय प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश महोदय दमोह को प्रेषित की जावेगी तथा अनुमोदन उपरांत एक सप्ताह में विनिष्टीकृत रद्दी क्रय कर न ले जाने पर प्रथम वरीयता प्राप्त निविदाकार का अवसर समाप्त कर द्वितीय वरीयता प्राप्त तथा इसी क्रम में असफल रहने पर तृतीय वरीयता प्राप्त निविदाकार को विनिष्टीकृत रद्दी क्रय कर ले जाने का अवसर प्रदान किया जावेगा।

6— विनिष्टीकृत अभिलेखों की टुकड़ा कर रद्दी प्राप्त कर समूची रद्दी की तौल अनुसार देय विक्रय मूल्य जमा करने का तत्काल उत्तरदायित्व निविदाकार होगा, जिसमें से अर्नेस्ट मनी को समायोजित किया जावेगा तथा विनिष्टीकृत अभिलेख विक्रय होने के पश्चात शेष द्वितीय एवं तृतीय वरीयता प्राप्त निविदाओं के निविदाकारों की अर्नेस्ट मनी वापिस की जावेगी।

7— स्वीकृत निविदाकार द्वारा निविदा की शर्तो का उल्लंघन करने पर अर्नेस्ट मनी शासनहित में राजसात की जाकर कोषागार में जमा करा दी जावेगी।

8— नियंत्रणाधिकारी माननीय प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश महोदय दमोह उक्त ई—निविदा में विवाद के अंतिम निर्णायक होंगे।

9— प्रशासकीय कारणों से उक्त ई—निविदा किसी भी समय व किसी भी प्रक्रम पर माननीय प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश महोदय दमोह के आदेश से निरस्त की जा सकेगी।

10— अनुबंध में चूक होने पर निविदा की राशि राजसात की जाकर वर्ष में किसी भी समय पुनः अनुबंध प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

11— समस्त निविदाकारों को निविदा के बंद लिफाफे के उपर डाक संव्यवहार का पिनकोड नंबर, ईमेल, फोन नंबर/मोबाईल नंबर सहित पंजीकृत फर्म के टिन पंजीयन क्रमांक सहित निविदा प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।

**संलग्न**—निविदा फार्म

25/4/18

**प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश**
**दमोह (म.प्र.)**

# OPEN TENDER PROFORMA FOR CYCLE STAND

1- Rate Quotation of the Tenderer ..........................................

2- Earnest money Rs. 10,000/- (Rupees Ten Thousands only) will be deposit till date 09-05-2018 time 05:00 PM.

3- PAN No. ..................................... Enclose copy of current Income Tax Return.

4- TIN No. ....................................... Enclose copy of live registration.

The terms and conditions of the tender are acceptable to me/us

Signature ...................................

Name & address with Seal & Date .............................................
.............................................
.............................................
.............................................
.............................................

Phone (O) .............................................

Fax .............................................

(M) .............................................

E-mail .............................................

# <u>कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दमोह (म.प्र.)</u>

E-mail-dcourtdam-mp@nic.in *Contact no. 07812-222733 Fax-227733*

—:: **ज्ञापन** ::—

क्रमांक—        /18                                        दमोह, दिनांक ...... अप्रैल, 2018

**प्रति,**

आयुक्त जनसंपर्क,
जनसंपर्क संचालनालय,
बाणगंगा, भोपाल (मध्यप्रदेश)

**विषय :—** निविदा विज्ञापन का प्रकाशन।

*****

उपरोक्त विषयांतर्गत अनुरोध है कि कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह मध्यप्रदेश विनिष्टीकृत अभिलेखों की रद्दी टुकड़े करके विक्रय हेतु हेतु नीचे बाक्स में दर्शित निविदा विज्ञापन का प्रकाशन कराया जाना है:—

**खुली निविदा आमंत्रित**

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह के विनिष्टीकृत अभिलेखों की रद्दी टुकड़े करके विक्रय हेतु उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर की बेवसाईट www.mphc.gov.in में मुख्य पृष्ठ एवं जिला न्यायालय दमोह अंतर्गत दर्शित विस्तृत विज्ञापन अनुसार निविदाएं दिनांक 09.05.2018 को सायं 05:30 बजे तक आमंत्रित है।

अतः आप राष्ट्रीय स्तर के एक समाचार पत्र तथा राज्य स्तर के दो समाचार पत्रों में उपरोक्तानुसार निविदा विज्ञापन प्रकाशन कराते हुए समाचार पत्रों की एक प्रति तीन दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

25/4/18

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**दमोह(म.प्र.)**